॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

११७

॥ श्रीः ॥

जन्मपत्रदीपकः

सोदाहरणसटिप्पणहिन्दीटीकापरिष्कृतः

रचयिता

आजमगढ़मण्डलान्तर्गतब्रह्मपुराभिजनश्रीधर्मदत्तद्विवेदिसूनुः

श्रीविन्ध्येश्वरीप्रसादद्विवेदो ज्यौतिषाचार्यः

(अस्याधिकारी-प० श्री रंतोष कुमार झा)

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक

पो० बा० नं. ११३९

के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन (गोलघर समीप मैदागिन)

वाराणसी - २२१ ००१ (भारत)

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : चारू प्रिंटर्स, वाराणसी
संस्करण : दशम् वि०सं० २०५८
मूल्य : रु०

© चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
इस ग्रन्थ का परिष्कृत तथा परिवर्धित मूल पाठ
एवं टीका, परिशिष्ट आदि के सर्वाधिकार
प्रकाशक के अधीन है।
फोन : ३३३४४५, ३३५९३०

शाखाएँ–

चौखम्भा संस्कृत भवन
पोस्ट बाक्स नं० ११६०
चौक (दि बनारस स्टेट बैंक बिल्डिंग)
वाराणसी-२२१००१ (भारत)

चौखम्भा पब्लिकेशन
४२६२/३, अंसारी रोड, दरयागंज
नई-दिल्ली–११०००२
E mail: Chaukhambha@mantramail.com

विषयानुक्रमणिका

विषय	पृष्ठ संख्या
मङ्गलाचरण	१
पञ्चाङ्ग पर से ग्रहस्पष्ट करने की रीति	”
घण्टादि (होरादि) से घट्यादि इष्टकाल बनाने की रीति (टिप्पणी में)	”
उदाहरण	२
क्रान्ति साधन की सारणी	४
सारणी द्वारा स्पष्टा क्रान्ति जानने की रीति	”
चर सारणी ६° अक्षांशसे ३६° अक्षांश तक	५–६
चर सारणी द्वारा काशी से अन्यत्र का तिथ्यादि जानने की रीति तथा उदाहरण	७
अन्यदेशीय ग्रह बनाने की रीति	८
भयात-भभोगानयन	”
चन्द्रमा स्पष्ट करने की रीति	१०
चन्द्रमा स्पष्ट करने की दूसरी रीति	”
पलभा और चरखण्ड का ज्ञान	११
काशी से पूर्व देशों के अक्षांश देशान्तर	१२–१३
काशी के पश्चिम देशों के अक्षांश देशान्तर	१४–१७
अक्षांश पर से सारणी द्वारा पलभाज्ञान की विधि	१८
पलभासारणी	”
लंकोदय पर से स्वोदय ज्ञान	”
आजमगढ़ का उदयमान	१९
अयनांश स्पष्ट करने की रीति	”
अयनांश बनाने की दूसरी रीति	२०
लग्न स्पष्ट करने की रीति	”
भोग्यांश पर से लग्नस्पष्ट करने का उदाहरण	२१

विषय	पृष्ठ संख्या
भुक्तांश पर से लग्नस्पष्ट बनाने का उदाहरण	२१
भुक्तभोग्यालग्नत्व में विशेष	२२
२५°।१८′ अक्षांश देशों में सारणी द्वारा लग्नस्पष्ट करने की रीति	२३
लग्न-सारणी	२४–२७
नतोन्नत कालज्ञान	२७
दशमलग्न साधन की रीति	”
सारणी पर से सब देशों के लिये दशमलग्न साधन की रीति सारणी सहित	२८–३१
विना नतकाल के ही दशमसाधन का प्रकार	३२
१२ भावसाधन	”
१२ भावचक्र	३३
विशेष	”
ग्रहों के भाव (अवस्था विशेष) का विचार	३४
ग्रहों की शयनादि अवस्था का ज्ञान	”
अन्य प्रकार की ग्रहों की अवस्थायें	३६
ग्रहों की पञ्चधा मैत्री	”
दशवर्गी	३७
राशिस्वामी	”
होरा-द्रेष्काण	३८
सप्तमांश	”
नवमांश	”
दशमांश द्वादशांश	”
राशिस्वामी होरा द्रेष्काण सप्तमांश-नवमांश बोधकचक्र	३९
दशमांश द्वादशांश बोधक चक्र	४०
षोडशांश और षोडशांशचक्र	”
त्रिंशांश और चक्र	४१
षष्ट्यंश	४२

विषय	पृष्ठ संख्या
वर्गों की पारावतादि संज्ञा	४२
५ प्रकार की विंशोत्तरीया दशा	४३
महादशाज्ञान	,,
महादशाबोधकचक्र	,,
महादशाभुक्तभोग्यानयन	४४
महादशा का भोग्यानयन	,,
भुक्तभोग्यानयन के उदाहरण	४५
महादशा लिखने का क्रमबोधक चक्र	४६
स्पष्टचन्द्रमा ही पर से दशा का भुक्तभोग्यानयन	,,
स्पष्टचन्द्रमा ही पर से प्रकारान्तर से भुक्तभोग्यानयन	,,
अंशादिनक्षत्र शेष पर से दशा का भोग्यानयन	४७
अन्तरदशासाधन का सुलभ प्रकार	,,
अन्तर के ९ चक्र	४८
अन्तरादि साधन का दूसरा प्रकार	४९
अवरोहक्रम से ध्रुवकवश अन्तरादि का साधन	,,

विषय	पृष्ठ संख्या
आरोहक्रम से ध्रुवकवश अन्तरादि का साधन	५०
प्रत्यन्तर का ध्रुवक साधन	,,
सूक्ष्मदशा प्राणदशा के ध्रुवक साधन का प्रकार	५१
प्रत्यन्तर के ८१ चक्र	५२–६०
योगिनीदशानयन	६१
योगिनीदशाबोधकचक्र	,,
योगिन्यन्तरदशाज्ञान की रीति	,,
योगिन्यन्तरदशाबोधकचक्र	,,
होरालग्नानयन	६२
जैमिनीयायुर्दायसाधन	६३
आयुर्दायज्ञान प्रकार	,,
आयुर्दायबोधक चक्र	,,
आयुर्दाय स्पष्ट करने की विधि	,,
सारणी	६५
कक्ष्याह्रासवृद्धि	,,
अन्यप्रकार से आयुर्दायविचार	६६
ग्रन्थसमाप्ति का समय	,,

श्रीजानकीजानये नमः

जन्मपत्रदीपकः

सोदाहरण-सटिप्पण-हिन्दीव्याख्योपेतः

मङ्गलाचरण—

यत्कृपालेशतः सर्वे केन्द्रेशाद्या दिवौकसः ।
इष्टं दातुं समर्थाः स्युस्तं रामं शिरसा नुमः ॥ १ ॥

जिसकी कृपा के लेश से ब्रह्मा, इन्द्र, महेश इत्यादि देववृन्द अथवा केन्द्रेश इत्यादि (केन्द्र स्थान १।४।७।१० के स्वामी, त्रिकोण स्थान ५।९ के स्वामी इत्यादि) ग्रह अपना-अपना अभीष्ट फल देने में समर्थ होते हैं, उस भगवान् श्रीरामचन्द्रजी को मैं शिरसे प्रणाम करता हूँ ॥ १ ॥

पञ्चाङ्ग पर से ग्रह स्पष्ट करने की रीति—

सूर्योदयाद्यातकालं सावनेष्टं प्रकीर्तितम् ।
पञ्चाङ्गस्थं मिश्रमानं पङ्क्तिसंज्ञं बुधैः स्मृतम् ॥ २ ॥
अनयोरन्तरं कार्य्यमवशिष्टं दिनादिकम् ।
षड्भ्यधिक्ये यातसंज्ञमैष्यमिष्टाधिके भवेत् ॥ ३ ॥

यातैष्यकालेन दिनादिकेन
निघ्नी गतिः खाङ्ग(६०)हृताप्तभागाः ।
शोध्याश्च योज्याः स्फुटखेचरेषु
पाते तथा वक्रखगे प्रतीपम् ॥ ४ ॥

सूर्य के बिम्बार्धोदयकाल से जन्मसमय तक जितना घटी-पल बीता हो उस को सावन इष्टकाल और तिथिपत्र (पञ्चाङ्ग) में लिखे मिश्रमानकाल को पंक्ति कहते हैं (ग्रहलाघवीयपञ्चाङ्ग में सूर्योदय काल का ही स्पष्टग्रह बना रहता है, अतः उस में उदयकाल को ही पंक्ति समझना चाहिये)।

इन दोनों ([1]इष्टकाल और पंक्ति) का अन्तर करने (जिसमें जो घट जाय घटा देने) से जो शेष दिनादिक बचे, वह पंक्ति अधिक हो (अर्थात् पंक्ति में इष्ट घटाने से शेष बचा हो) तो यातदिवस (या ऋण चालन), इष्टकाल, अधिक हो (अर्थात् इष्टकाल में पंक्ति घटाने से शेष बचा हो) तो ऐष्यदिवस (या धनचालन) कहलाता है।

गत (ऋण) अथवा ऐष्य (धन) दिवसादि से पञ्चाङ्ग में लिखे स्पष्ट-ग्रह की गति को गोमूत्रिकागणितद्वारा गुणा करके ६० का भाग देने से जो लब्ध अंश, कला, विकलादि मिले उस कोक मसे पञ्चाङ्गस्थित स्पष्टग्रह की राश्यादि में घटाने और जोड़ने (अर्थात् यदि यातदिवसादि हो तो लब्ध अंशादि को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह की राश्यादि में घटाने और ऐष्यदिवसादि हो तो लब्ध अंशादि को पञ्चाङ्गस्थ स्पष्टग्रह के राश्यादि में जोड़ने) से तात्कालिक स्पष्टग्रह बन जाता है। वक्र ग्रह और राहु-केतु में उलटी क्रिया करने से (अर्थात् ऋण चालन हो तो वक्री-राहु-केतु में जोड़ने से तथा धन चालन हो तो वक्री-राहु-केतु-में घटाने से) स्पष्ट होता है ॥ २-३ ॥

उदाहरण—

श्रीविक्रमार्कसंवत् १९९१ श्रीशालिवाहनशकाब्द १८५६ शुद्धवैशाख कृष्ण पञ्चमी ४५।४४ बुधवार अनुराधानक्षत्र २५।१४ सिद्धियोग ७।१८ इसके बाद व्यतिपात योग सामयिक कौलवकरण १८।१२ में किसी का जन्म हुआ। उस समय सूर्योदयकाल से गत १३।५५ सावनेष्टकाल, अनुराधानक्षत्र का भयात ४५।५५ और भभोग ५७।१४ है और उस दिन दिनमान ३०।५० रात्रिमान २९।१० तथा उसके समीप गुरुवार को ४५।५८ मिश्रमान है।

यहाँ वारादि सावनेष्टकाल ४।१३।५५ से वारादि पंक्ति ५।४५।५८ आगे है इस लिये वारादि पंक्ति में वारादि सावनेष्टकाल को घटाया तो शेष

---

१. घण्टादि से घट्यादि इष्टकाल बनाने की रीति—

सूर्य्योदिबम्बार्धोदय से मध्याह्न के भीतर का जन्म हो तो जन्मकालीन घण्टा-मिनट में सूर्योदय-घण्टा-मिनट को घटा कर जो शेष बचे उसको ५ से गुणा करके २ का भाग देने से लब्ध घटी-पल सावन इष्टकाल होता है।

मध्याह्नोत्तर निशीथ (आधीरात) के भीतर का जन्म हो तो जन्मकालीन होरादि समय को ५ से गुणा करके २ का भाग देने पर जो लब्ध घटी-पल आवे उसको दिनार्ध में जोड़ देने से घट्यादिक सावनेष्टकाल हो जाता है।

निशीथ (आधीरात) के बाद सूर्य्यबिम्बार्धोदय के भीतर का इष्टघट्यादि जानना हो तो जन्मसमय के घण्टा-मिनट का पूर्ववत् घटी-पल बनाके उसको दिनमान और रात्रिदल के योग में (अथवा दिनार्धघटी तथा ३० घटी के योग में) जोड़ देने से पूर्वसूर्यबिम्बार्धोदय से जन्म-समय तक सावन इष्टकाल होता है।

= (५।४५।५८)-(४।१३।५५) = १।३२।३ वारादि ऋण चालन हुआ। इस ऋण चालन १।३२।३ से पंक्तिस्थ सूर्य की स्पष्टा गति ५९।० को गुणन करने के लिये न्यास—

गुणनफल = (१ । ३२ । ३) (५९ । ०)

= ५९ । १८८८ । १७७

= ९० । ३० । ५७ हुआ। इसमें ६० का भाग दिया तो स्वल्पान्तर से १ । ३० । ३१ अंशादि ऋण फल हुआ। इसको पंक्तिस्थ सूर्य के राश्यादि ११।२२।२८।३१ में घटाया तो तात्कालिक स्पष्टार्क—

= ११ । २२° । २८′ । ३१″–(१°।३०′।३१″) = ११ । २०° । ५८′ । ०″ हुआ। ऐसे ही भौमादि ग्रहों का भी साधन करना चाहिये।

५२ प.६ गुरौ मि.मा.४५।५८ दि.मा.३०।५० जन्मेष्ट ४।१३।५५ कालिकस्पष्टग्रहाः

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा.	के.
११		११	१०	५	१०	१०	९	३
२२		२३	२६	२७	५	०	२५	२५
२८		८	२३	२०	२९	१०	२८	२८
३१		३	१६	८	२१	२७	५६	५६
५९		४५	८२	८७	५७	५	३	३
०		१७	३७	९	७	४३	११	११

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा.	के.
११	७	११	१०	५	१०	१०	९	३
२०	१४	२१	२४	२७	४	०	२५	२५
५८	१	५८	१६	३२	११	१	४३	४३
०	४९	३५	३१	३८	४४	४१	२२	२२
५९	८८	४५	८२	८७	५७	५	३	३
०	४०	१७	३७	२	७	४३	११	११

जन्मलग्नम् २।२१।४१।१०



क्रान्तिसाधन की सारणी। परमा क्रान्ति २३°।२७'।

मेषादि छ राशियों में सायनार्क हो तो उत्तरा क्रान्ति अन्यथा दक्षिणा क्रान्ति होती है।

अंश	०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	अंश
मेष०	०	०	०	१	१	१	२	२	३	३	३	४	४	५	५	५	६	६	७	७	७	८	८	८	९	९	१०	१०	१०	११	११	कन्या ५
तुला ६	०	२३	४७	११	३५	५९	२३	४६	१०	३४	५७	२१	४४	८	३१	५४	१८	५०	३	२६	४९	११	३४	५६	१८	४०	२	२४	४६	७	२८	मीन ११
	०	५३	४५	३६	२७	१६	३	४७	३०	९	४५	१७	४५	१०	२८	४२	५१	५३	४९	३९	२१	५७	२४	४३	५४	५५	४८	३१	३	२५	३७	
वृष १	११	११	१२	१२	१२	१३	१३	१३	१४	१४	१४	१५	१५	१५	१६	१६	१६	१६	१७	१७	१७	१८	१८	१८	१८	१९	१९	१९	१९	१९	२०	सिंह ४
वृश्चिक ७	२८	४८	१०	३१	५१	११	३१	५१	१०	३०	४९	८	२६	४४	२	२०	३८	५५	१२	२८	४४	०	१६	३१	४६	१	१५	२९	४३	५६	९	कुम्भ १०
	३७	१७	२६	३	२७	३९	३८	२४	५५	१२	१५	२	३५	५२	५२	३६	३	१३	६	४०	५६	५३	३२	५१	५१	३०	४९	४७	२४	२३	२४	
मिथुन २	२०	२०	२०	२०	२०	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	कर्क ३
धनु ८	९	२२	३४	४६	५७	८	१९	२९	३९	४८	५७	६	१४	२२	२९	३६	४२	४८	५४	५९	४	८	१२	१५	१८	२१	२३	२४	२६	२६	२७	मकर ९
	२४	६	१६	२	२७	२८	५	१८	८	३३	३४	१०	२०	६	२६	२१	५०	५२	२९	३९	२२	४०	३०	५४	५१	२०	२२	५८	६	४६	०	
अंश	३०	२९	२८	२७	२६	२५	२४	२३	२२	२१	२०	१९	१८	१७	१६	१५	१४	१३	१२	११	१०	९	८	७	६	५	४	३	२	१	०	अंश

सारणी द्वारा स्पष्टा क्रान्ति जानने की रीति—

सायन सूर्य के राशि और अंश के सामने वाले कोष्ठ में जो अंशादि क्रान्ति हो उसको अलग स्थापन करे। फिर सायन सूर्य के शेष कला विकला गतांश और भोग्यांश सम्बन्धी क्रान्तियों के अन्तर से गुणा करके ६० का भाग देने पर जो कलादि क्रान्ति आवे उसको अलग स्थापित क्रान्त्यंश में यथास्थान जोड़ देवे तो सायन सूर्य की स्पष्टा क्रान्ति होती है।

उदाहरण—सायन रवि ०।१२°।२९'।२९" है तो ० राशि १२° के सामने की अंशादिक्रान्ति ४°।४४'।४५" हुई। फिर सायन रवि के कला विकला २९'।२९" को १२° और १३° सम्बन्धि क्रान्तियों के अन्तर से गुणा करके ६० का भाग दिया तो—

लब्धि $= \frac{(२९'\ २९")\ [(५°।८'\ १०" - ४°४४'।४५")]}{६०} = \frac{(२९'\ २९")\ (०°।२३'\ २५")}{६०} = \frac{११।३०।२४।१५}{६०} = ०'।१२"$ (स्वल्पान्तर से) मिली। इस को १२° के सामने की अंशादि क्रान्ति में जोड़ दिया तो स्पष्टा क्रान्ति = ४°।४४'।४५" + ०'।१२" = ४°।४४'।५७" हुई। सायनरवि मेष राशि में है अतः यह ४°।४४'।५७" उत्तरा क्रान्ति हुई।

क्रान्त्यंश और अक्षांश पर से पलादि चर जानने की सारणी—

क्रां	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१	१
२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२	२
३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३	३
४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४	४
५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५	५
६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६	६
७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७	७
८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८	८
९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९	९
१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०	१०
११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११	११
१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२	१२
१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३	१३
१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४	१४
१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५	१५
१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६	१६
१७	१७	१७	१७	१७	१७	१७	१७	१७	१७	१७	१७	१७
१८	१८	१८	१८	१८	१८	१८	१८	१८	१८	१८	१८	१८
१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९	१९
२०	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२०	२०
२१	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२१
२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२	२२
२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३	२३
२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४	२४
२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५	२५
२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६	२६
२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७	२७
२८	२८	२८	२८	२८	२८	२८	२८	२८	२८	२८	२८	२८
२९	२९	२९	२९	२९	२९	२९	२९	२९	२९	२९	२९	२९
३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०	३०

क्रान्त्यंश और अक्षांश पर से पलादि चर जानने की सारणी—

यदि काशी से अन्यत्र का तिथि-नक्षत्र-योगों का मान, दिनमान इष्ट-काल और स्पष्टग्रह जानना हो तो देशान्तरसारणी, क्रान्तिसारणी और चरसारणी की सहायता से चाहे जहाँ का तिथ्यादि का मान निकाला जा सकता है।

उदाहरण—

यदि कलकत्ते का तिथ्यादिमानानयन जानना है तो देशान्तर सारणी से कलकत्ते का अक्षांश २२°।३५′ और काशी से पूर्व पलात्मक ५५।० देशान्तर जान कर अलग रख लिया। फिर सायनसूर्य ०।१२°।२९′।२९″ पर से क्रान्तिसारणी की सहायता से स्पष्टा उत्तरा क्रान्ति का ४°।४४′।५७ का ज्ञान कर लिया। अब इस उत्तरा-क्रान्ति ४°।४४′।५७″ और अक्षांश २२°।३५′ पर से चरसारणी द्वारा चर का ज्ञान करने के लिये पहले—

२२° अक्षांश में ४° क्रांत्यंश का चर = १५।११
,, ५° क्रांत्यंश का चर = २०।१५
६० कला में अन्तर = ४। ४

इस पर से (स्वल्पान्तर से) ४५′ कला क्रान्ति में
त्रैराशिक गणित द्वारा अन्तर = ३।३

इसको ४° क्रान्ति के चर में जोड़ देने से २२° अक्षांश
में ४°।४५′ क्रान्ति का चर = १९।१४

फिर—

२३° अक्षांश में ४° क्रांत्यंश का चर = १७।०
,, ५° क्रांत्यंश का चर = २१।१७
६० कला में अन्तर = ४।१७

इस पर पूर्ववत् त्रैराशिक द्वारा ४५′
क्रान्ति में अन्तर = ३।१२

इसको ४° क्रान्ति में जोड़ने से २३° अक्षांश मे ४°।४५ क्रान्ति का
चर = २०।१७

उसके बाद—

२२° अक्षांश में चर = १९।१४
२३° अक्षांश में चर = २०।१७
६० कला में अन्तर = १।३

फिर त्रैराशिक से ३५′ अक्षांश में
अन्तर = ०।३७ (स्वल्पान्तर से)

इसको २२° अक्षांश के चर में जोड़ देने से कलकत्ते में उस दिन का स्पष्ट चर
फल = १९।५१ हुआ

उत्तरा क्रान्ति है अतः १५ घटी में चर पल १९।५१ को
जोड़ देने से उसदिन कलकत्ते का दिनार्ध = १५।१९।५१
उस दिन पञ्चाङ्ग से काशीका दिनार्ध = १५।२५।०
दोनों का अन्तर = ०।५।९

काशी के दिनार्द्ध से कलकत्ते का दिनार्द्ध छोटा है इस लिये यह अन्तर ऋण हुआ। यदि कलकत्ते का दिनार्द्ध बड़ा होता तो यही अन्तर धन आता और कलकत्ता काशी से पूर्व है इसलिये देशान्तर पल ५५।० धन हुआ। काशी से पश्चिम देशों का देशान्तर ऋण होता है।

अब पञ्चाङ्गस्थ तिथ्यादिमान से संस्कार करने से कलकत्ते का तिथ्यादि मान—

पञ्चाङ्गस्थ तिथि = ४५।४४।०	नक्षत्र = २५।१४।०	योग = ७।१८।०
दिनार्द्धान्तर = —०।५।९	= —०।५।९	= —०।५।९
देशान्तर = + ०।५५।०	= + ०।५५।०	= + ०।५५।०
कलकत्तेकी तिथि=४६।३३।५१	= २६।३।५१	= ८।७।५१

यहाँ ५१ विपल के स्थान में १ पल मान लिया तो कलकत्ते में पञ्चमी=४६।३४ अनुराधानक्षत्र = २६।४ व्यतिपात योग = ८।८ हुआ।

अन्यदेशीय स्पष्टग्रह बनाने की रीति—

यदि काशी से अन्यत्र का ग्रहस्पष्ट बनाना हो तो काशी के धन ऋण वारादि चालन में देशान्तर और चरान्तर का विपरीत संस्कार करने से (तथा ग्रह जो वक्री हो तो यथावत् संस्कार करने से) तत्तद्देशीय धन ऋण चालन होता है। उस पर से उपर्युक्त विधि से तत्तद्देशीय स्पष्ट ग्रह बन जाता है।

भयात-भभोगानयन—

गतर्क्षघटिका खाङ्क६०शुद्धा स्वेष्टघटीयुता।
भयातं स्याद्भभोगस्तु निजर्क्षघटिकायुता ॥ ५ ॥
चेद्यातर्क्षघटी स्वेष्टात्पूर्वमेव समाप्यते।
तदेष्टकालात्सा शोध्याऽवशिष्टं भगतं भवेत् ॥ ६ ॥
गतर्क्षं क्षयसंज्ञं चेत्कार्यंतर्क्षघटी तदा।
तत्पूर्वर्क्षघटीयुक्ता शेषं पूर्ववदाचरेत् ॥
एवं भर्क्षौ भयातादि विज्ञेयं स्वधिया बुधैः ॥ ७ ॥

यदि गतनक्षत्र का अन्त पूर्वदिन में होता हो तो गतनक्षत्र के मान (घटी-पल) को ६० घटी में घटा कर जो शेष बचे उसमें इष्टकाल जोड़ देने से भयात होता है और उसी शेष में वर्तमान नक्षत्र के घटी-पल को जोड़ देने से भभोग हो जाता है।

यदि गतनक्षत्र का अन्त उसी दिन इष्टकाल के पूर्व होता हो तो गत-नक्षत्र के घटी-पल को ही इष्टकाल में घटा देने से शेष भयात हो जाता है। यहाँ भी भभोग बनाने की क्रिया पूर्ववत् ही है :

यदि गतनक्षत्र की हानि हुई हो तो क्षयनक्षत्र के पूर्वनक्षत्र और क्षय-नक्षत्र इन दोनों के घटीपल को जोड़ कर जितना घटिकादि हो उसको गतर्क्षमान, मान के उस पर से पूर्वविधि के अनुसार भयात-भभोग बनाना चाहिये।

एवं यदि वर्तमान नक्षत्र की वृद्धि हुई हो और तीसरे दिन नक्षत्रान्त से पूर्वका इष्टकाल हो तो प्रथमविधि के अनुसार भयात-भभोग बना के दोनों में ६० घटी जोड़ देने से वास्तविक भयात-भभोग होता है ॥ ५-७ ॥

उदाहरण—

गत नक्षत्र विशाखा के घटी-पल २८।० को ६० घटी में घटाया तो ६०-(२८।०) = ३२।० शेष घट्यादि हुआ। इस ३२।० में सावनेष्टकाल १३।५५ को जोड़ दिया तो ३२।० + (१३।५५) = ४५।५५ भयात हुआ। और उसी शेष ३२।० में अनुराधा के घटी-पल २५।१४ को जोड़ दिया तो ३२।० + (२५।१४) = ५७।१४ भभोग हो गया।

सं० १९९१ शुद्धवैशाखकृष्ण १० सोमवार श्रवण ५।४३ को १०।४८ इष्ट काल पर जन्म है तो यहाँ इष्ट काल से पूर्वही गत नक्षत्र श्रवण की समाप्ति होती है अतः इष्टकाल १०।४८ में श्रवण के घटी पल ५।४३ को घटा दिया तो धनिष्ठा का ५।५ भयात हो गया और पूर्वविधि से धनिष्ठा का भभोग ५६।२४ हुआ।

शुद्ध वैशाखवदी १२ बुधवार पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्र ५६।५३ के दिन सूर्योदय से २३।३६ इष्टकाल पर जन्म है तो यहाँ पूर्वदिन शततारकानक्षत्र की हानि है। इस लिये उससे पूर्व धनिष्ठा नक्षत्र के मान २।७ को गतनक्षत्र शतभिषा के मान ५६।५७ में जोड़ कर ५६।५७ + (२।७) = ५९।४ गतनक्षत्र का मान कल्पना कर के पूर्वोदित विधि के अनुसार पूर्वाभाद्रपदा का भयात २४।३२ और भभोग ५७।४९ हुआ।

अधिक वैशाख सुदी ४ चतुर्थी भौमवार को १।५ इष्टकाल पर जन्म है। उस दिन कृत्तिका नक्षत्र का १।४२ घटी-पल पर अन्त है तो यहाँ नक्षत्र वृद्धि के कारण दूसरे पूर्वदिन (द्वितीया रविवार) को रात्रिमें ५८।१५ घट्यादि पर भरणी का अन्त है। अतः भरण्यन्त ५८।१५ को ६० में घटाया तो १।४५ शेष हुआ इसमें इष्टकाल १।५ और ६० जोड़ दिया तो कृत्तिका का भयात १।४५ + ६० + १।५ = ६२।५० हुआ। उसी शेष १।४५ में कृत्तिकान्त १।४२ घटी-पल और ६० को जोड़ दिया तो- १।४५ + ६० + १।४२ = ६३।२७ भभोग हुआ। एवं सर्वत्र पूर्वापर दिन के नक्षत्रान्त को देख कर भयात-भभोग का आनयन करना चाहिये।

चन्द्रमा स्पष्ट करने की रीति—

भयातं भभोगाद् धृतं तद्गतर्क्षैर्युतं खाब्धि४०घ्नं विभक्तं क्रमेण ३।
फलं भागपूर्वः शशी तद्गतिः खाभ्रखाभ्रेभनागाश्विनो भोगभक्ता ॥८॥

पलात्मक भयात में पलात्मक भभोग का भाग देने पर जो लब्धि आवे उसको गतनक्षत्र की संख्या में जोड़ देना। फिर योग फल को ४० से गुणा करके ३ से भाग देने पर लब्धि अंशादि स्पष्ट चन्द्रमा होता है। यहाँ अंश संख्या में ३० का भाग देकर लब्धि राशि और शेष अंश बना लेने पर राश्यादि चन्द्रमा स्पष्ट हो जाता है और २८८०००० में पलात्मक भभोग का भाग देने से लब्धि चन्द्रमा की स्पष्टा गति होती है॥ ८॥

उदाहरण—

अनुराधा नक्षत्रके भयात ४५।५५ और भभोग ५७।१४को ६० से गुणा कर दिया तो पलात्मक भयात २७५५ और ३४३४ भभोग हुआ। इस पलात्मक भयात २७५५ में पलात्मक ३४३४ भभोग का भाग दिया तो लब्धि = $\frac{२७५५}{३४३४}$ = ०।४८।८।११ आई। इसमें गतनक्षत्र विशाखाकी संख्या १६ को जोड़ दिया तो योग १६।४८।८।११ हुआ। इसको ४० से गुणा कर के ३ से भाग दिया तो—

$\frac{१६।४८।८।११।४०}{३} = \frac{६७२५२७२०}{३}$ = २२४°। १′ ४९″—लब्धि अंशादि स्पष्ट चन्द्रमा हुआ। यहाँ प्रथम स्थान २२४ में ३० का भाग देने से लब्धि ७ राशि और शेष १४ अंश हुए। अत एव ७।१४°। १′। ४९″ राश्यादि स्पष्ट चन्द्रमा हुआ।

अट्ठाइस लाख अस्सी हजार २८८०००० में पलात्मक भभोग ३४३४ से भाग दिया तो लब्धि = $\frac{२८८०००००}{३४३४}$ = ८३८′। ४०″ चन्द्रमा की स्पष्टा गति हुई॥

चन्द्रमा स्पष्ट करने की दूसरी रीति—

भाङ्घ्रिभुक्तघटी खाभ्राश्विघ्नी भाङ्घ्रिघटीहृता।
लब्धं कलाद्यं चन्द्रस्य गतराश्यादिना युतम्॥
स्फुटः स चन्द्रो विज्ञेयो गतिः पूर्वोदिता मता॥ ९॥

नक्षत्रचरणभुक्तघटी को २०० से गुणा करके चरणभोगघटी से भाग देने पर जो लब्धि कलादि प्राप्त हो उसको चन्द्रमा की गतराशिसंख्या और वर्तमान चन्द्रराशि के गतनवांशांशादि के योग में जोड़ देने से स्पष्ट राश्यादि चन्द्रमा होता है॥ ९॥

उदाहरण—

भयात में ४ का भाग दिया तो चरणभोग = $\frac{५७।१४}{४}$ = १४।१८।३० हुआ त्रिगुणितचरणभोग को भयातघटी में घटाया तो नक्षत्र चरणका भुक्त घट्यादि

= ४५।५५−३ (१४।१८।३०) = २।५९।३० हुआ।

चरणभुक्तघटी को २०० से गुणा करके चरणघटी से भाग दिया तो

लब्धि कलादि $= \frac{(२\ ५९\ ३०।२००}{१४।१८।३०}$

$= \frac{१०७७०\times२००}{५१५१०}$

$= \frac{२१५४००}{५१५१} = ४१'।४९''$ आई।

और १४१ शेष बचा इस को त्याग दिया। लब्ध कलादि को चन्द्रमा की गत-राशि संख्या ७ और वर्तमान चन्द्रराशि वृश्चिक के गतनवांशसंख्या ४ के अंशादि १३°।२०' के योग ७।१३°।२०' में जोड़ दिया तो राश्यादि स्पष्ट चन्द्रमा = ७।१३°।२०' + ४१'४९'' = ७।१४°।१'।४९'' हो गया।

पलभा-चरखण्डज्ञान—

दिनार्धकालेऽजमुखस्थिते या भा सायनार्के पलभा भवेत्सा।
दिग्भिर्गजैर्दिग्गुणितैर्गुणांशैस्त्रिष्ठा हताः स्युश्चरखण्डकानि ॥ १० ॥

जब मध्याह्नकाल में सायन सूर्य मेषादि में हो उस दिन मध्याह्नकालमें १२ अंगुल शंकु की छाया को पलभा कहते है। पलभा को ३ स्थानों में रख के क्रम से १०, ८, $\frac{१०}{३}$ से गुणा कर देने पर मेषादि राशियों के ३ चरखण्ड होते हैं ॥ १० ॥

उदाहरण—

आजमगढ़ की पलभा ५।५१ को ३ स्थानों में ५।५१, ५।५१, ५।५१ रख से क्रम से १०, ८, $\frac{१०}{३}$ से गुणा कर दिया तो गुणन फल ५८।३०, ४६।४८, $\frac{५८\ ३०}{३}$ हुए। सर्वत्र 'अर्धाधिके रूपं ग्राह्यमर्धाल्पे त्याज्यम्' इस नियम के अनुसार दूसरे अंको का त्याग दिया तो क्रमसे ५८।४७।१९ मेषादि के चरखण्ड हो गये।

यहाँ जो पलभाज्ञान प्रकार दिया है उस से सर्वत्र की पलभा का ज्ञान हो जाना सुलभ नहीं है। अतः इस कठिनाई को दूर करने के अभिप्राय से कतिपय देशों के अक्षांश और उस पर से पलभाज्ञान की सारणी नीचे दी जाती है—

काशी से पूर्व देशों के अक्षांशादि—

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०	देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
अकयाव (वर्मा)	२९।०	१।४०।०	आराकान (वर्मा)	२०।५०	१।४४।४०
अगरतला (बंगाल)	२३।५०	१।२३।५०	आवा (वर्मा)	२२।०	२।३०।१०
अंगलस्टेट (बिहार)	२०।४८	०।२०।१०	आसनसोल (बंगाल)	२३।४२	०।४०।१०
अमरपुर (वर्मा)	२१।५५	२।११।१०	आसाम	२६।०	१।४०।०
अमावा राज्य	२५।९	०।२८।२०	दंग्लिशबाजार(बंगाल)	२५।०	०।५१।५०
अलन (वर्मा)	२२।११	२। १।३०	इच्छागड़	२३।५	
अलीगंज हथुआ	२६।५०	०।१४।०	उडीसा	२१।१०	०।२९।४०
अलीपुर (बंगाल)	२२।३२	०।५४।०	ऐजल (आसाम)	२३।४४	१।४५।०
आजमगढ (यू०पी०)	२६।०	०। २।३०	कछार (बिहार)	२५।३०	०।४६।४०
आरा (बिहार)	२५।३४	०।१७।१०	कटक (बिहार)	२०।२८	०।३०।०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
कलकत्ता	२२।३५	०।५५।०
कलिङ्गपट्टम्(मद्रास)	१८।२०	०।११।४१
काठमण्डू (नैपाल)	२७।४२	०।२२।०
कृष्णगढ़ (बंगाल)	२३।२४	०।५५।३०
कुदरा	२५।५६	०। ६।१०
कुमिल्ला (बंगाल)	२३।२५	१।२३।२०
कूचविहार (बंगाल)	२६।२०	१। ४।५०
कोचीन (वर्मा)	२६।०	२।२०
खण्डपारा (बिहार)	२०।१६	०।२२।०
खझारस्टेट ,,	२१।३७	०।२६।२०
खुरदा ,,	२०।११	०।२६।४०
गञ्जाम (मद्रास)	१९।२२	०।२१।०
गया	२४।४९	०।२०।०
गरवा (बिहार)	२४।१०	०। ८।४०
गाजीपुर (यू० पी)	२५।३४	०। ४।०
ग्वालन्दो (बंगाल)	२३।५०	१। ७।४०
ग्वालपाडा (आसाम)	२६।११	१।१६।१०
गिद्धौर	२४।५१	०।३३।०
गुरखा (नैपाल)	२७।५५	०।१५।०
गोपालपुर (मद्रास)	१९।१६	०।१९।३०
गोरखपुर (यू० पी)	२६।४५	०। २।२०
गोलाघाट (आसाम)	२६।३०	१।४९।०
गोहाटी ,,	२६।११	१।२७।०
चन्दपुर (बंगाल)	२३।१३	०।१६।४०
चन्दर नगर ,,	२२।५२	०।५४।१०
चेरापंजी (आसाम)	२५।१७	१।२७।५०
चैवासा (बिहार)	२२।३३	०।२८।०
छत्तरपुर (मद्रास)	१९।२१	०। २।१०
छपरा (बिहार)	२५।४७	०।१७।०
छयगाव (आसाम)	२६।५	१।२३।०
छोटानागपुर(बिहार)	२३।०	०।२०।०
जगन्नाथगंज(बंगाल)	२४।३९	१। ८।२०
जगन्नाथपुरी(बिहार)	१९।४५	०।३०।०
जनकपुर	२३।४३	०।१२।०
जमालपुर (बिहार)	२५।१९	१।१०।०
जयपुर ,,	२०।५१	०।३३।५०
जलपाईगुरी(बंगाल)	२६।३२	०।५७
टाटानगर (बिहार)	२२।५०	०।३१।४
टेकारी	२४।४८	०।१७।३०
डालटनगंज(बिहार)	२४।२	०। ९।०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
डिबरूगढ़ (आसाम)	२७।२९	१।५९।०
डीमापुर ,,	२५।५१	१।४८।०
डुमराँव	२५।३२	०।१२।०
डुमरिया इस्टेट	२७।२९	०।१५।६
ढाका (बंगाल)	२३।४३	१।१५।८
दमदम ,,	२२।३८	०।५४।४०
दरभङ्गा (बिहार)	२६।१०	०।३०।०
दार्जिलिङ्ग (बंगाल)	२७।३	०।५२।४०
दिनाजपुर	२५।२७	०।५७।३०
दुमका (बिहार)	२४।३०	०।४३।४०
देवगढ़ ,,	२१।३२	०।१७।४०
देवगढ़ ,,	२४।३०	०।३७।३०
धवलागिरि (नैपाल)	२९।११	०।२०।०
धानकुटा ,,	२६।५५	०।४३।२०
धुबरी (आसाम)	२६।२	१।१०।०
नदिया (बंगाल)	२३।२४	०।५९।२०
नरायनगंज(बंगाल)	२२।२७	१।१५।१०
नालगिरिराज्य(बिहार)	२१।२७	०।३७।५०
नेवालपुर(नैपाल)	२७।४५	०।१२।०
नैपालराज्य(हिमालय)	२७।५९	०। ९।४०
पटना (उडीसा)	२०।२४	०।१२।१०
पबना (बंगाल)	२४।१	१।३ ।०
पलासी	२५।३५	०।४९।४०
पलामू	२३।५२	०।१३।०
पुर्निया (बिहार)	२५।४९	०।४५।०
पेगू (वर्मा)	१७।१५	२।१५।०
प्रोम (वर्मा)	१८।४७	२। २।३०
फरीदपुर (बंगाल)	२३।३६	१। ७।४०
बकसर (बिहार)	२५।३४	०।१०।१०
बरदमान (बंगाल)	२३।१६	०।४८।०
बरहमपुर (मद्रास)	१९।१८	०।१८।३०
बलिया (यू० पी०)	२५।४४	०।१२।०
ब्रह्मपुर (बङ्गाल)	२४।६	०।५१।०
बाकुडा (बङ्गाल)	२३।१४	०।४१।१०
बाकरगंज(बङ्गाल)	२२।२९	१।१३।१
बालासोर (बिहार)	२१।३०	०।३२।०
बांकीपुर (बिहार)	२५।४०	०।२२।०
बांसी (बिहार)	२४।४०	०।३९।४०
बैरीसाल (बङ्गाल)	२२।४३	१।१४।०
बोगरा (बङ्गाल)	२४।५१	१। ४।२०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
भटगान (नैपाल)	२७।४२	०।२३।४०
भभुआ	२५।५	०। ५।५०
भागलपुर (बिहार)	२५।१५	०।४०।०
भामू (वर्मा)	२४।१६	२।२०।०
भूटान (हिमालय)	२७।३०	१।२०।०
भैरवबाजार(बंगाल)	२४।२	१।१९।५०
मकसूदाबाद	२४।११	०।५३।०
मदारीपुर (बङ्गाल)	२३।१४	१।१२।३०
मधुवनी (बिहार)	२६।२१	०।३१।१०
मनीपुरराज्य(आसाम)	२४।४४	१।४९।४०
माडले (वर्मा)	२२।०	२।१०।०
मानेचौक	२६।७	०।२७।३०
मालदह (बङ्गाल)	२५।२	०।५१।२०
मुर्शिदाबाद	२४।११	०।५३।१०
मुंगेर (बिहार)	२५।२३	०।३५।०
मुजफ्फरपुर(बिहार)	२६।७	०।२४।०
मेदिनीपुर	२२।२९	०।४४।०
मैमनसिंह (बंगाल)	२४।४६	१।१४।०
मोतिहारी	२६।४०	०।१६।४०
मोकामा	२५।२४	०।२९।१०
मौलमीन (वर्मा)	१६।३०	२।२६।०
रंगून ,,	१६।४५	२।१४।०
रङ्गपुर (बङ्गाल)	२५।४५	१। ५।०
रांची (बिहार)	२३।२३	०।२३।४५
राजमहल	२५।२	०।४८।३०
रामपुर (बिहार)	२१।५	०।१३।४०
रानीगंज (बङ्गाल)	२३।३५	०।४१।०
लक्खीसराय	२५।१०	०।३६।१०
लखीमपुर (आसाम)	२७।१४	१।५१।१०
लासो (वर्मा)	२२।५८	१।२९।४०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
लोहरदग्गा (बिहार)	२३।२६	०।४२।३५
वंकोक (श्याम)	१४।०	१।५५।०
वारपेटा (आसाम)	२६।०	१।२०।३०
वारकपुर (बङ्गाल)	२२।४६	०।५४।०
वाराहभूमि	२३।१०	०।३४।०
वारीपद (बिहार)	२१।५६	०।३७।४०
बिहार	२५।११	०।२५।०
वेतिया (बिहार)	२६।४८	०।१५।१०
वैद्यनाथ धाम	२४।३०	०।३७।१०
शक्तिगढ़	२२।१	०।५०।०
शान्तिपुर (बङ्गाल)	२३।१४	०।५४।५०
श्याम	१४।०	२।५०।०
शिवसागर (आसाम)	२६।५९	१।५६।०
सदिया ,,	२७।५०	२। ७।०
सम्बलपुर (बिहार)	२१।२८	०। ९।०
सरगूजा	२३।५	०।५०।०
समस्तीपुर	२१।३५	०।१०।०
ससराम (बिहार)	२४।५७	०।१५।०
सिलहट (आसाम)	२४।५३	१।३९।०
,, ,,	२६।३०	१।४०।०
सिलचर ,,	२४।५०	१।४४।४०
सिंहभूमि	२२।१५	०।२३।०
सिंगापुर	२१।०	३।२०।०
सीतामढ़ी	२६।३४	०।२४।०
सुन्दरगढ़ (बिहार)	२२।६	०।२०।०
सेहडा	२५।२८	०।१७।३०
सोनपुर	२१।५	०।१७।०
हजारीबाग (बिहार)	२३।५९	०।२४।०
हावीगंज (आसाम)	२४।२४	१।२५।०
हाकू (वर्मा)	२२।४०	१।४६।५०

काशी से पश्चिम देशों के अक्षांशदेशान्तर—

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
अकालकोट (बंबई)	१७।३१	१। ७।३०
अकोला (बरार)	२०।४२	०।५९।२०
अजन्ता (हैदराबाद)	२०।३३	०।१२।०
अजमेर(राजपुताना)	२६।२७	१।२३।०
अजयगढ़ (सी०आई)	२४।५३	०।२७।५०
अज्ञार	२३।४	२। ७।२०
अटक (पञ्जाब)	३३।५३	१।४७।१०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
अनन्तपुर (मैसूर)	१४।५	१।१७।१०
अनुरुद्धपुर (लङ्का)	८।२२	०।२६।१०
अनूपशहर	२८।२१	०।४६।४०
अमरावती (बरार)	२०।५६	०।५२।१०
अमरेली (बड़ोदा)	२१।३६	१।५७।३०
अमरोहा (यू०पी०)	२८।४४	०।४४।५०
अमृतसर (पञ्जाब)	३१।३७	१।२२।०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
अमेठी	२६।७	०।१२।०
अंबर (राजपुताना)	२६।५९	१। ७।१०
अम्बा (हैदराबाद)	१८।४४	१। ६।१०
अम्बाला (पञ्जाब)	३०।२१	१। १।२०
अयोध्या	२६।४८	०। ७।३०
अरन्तजी (मद्रास)	१०।११	०।३९।४०
अरवी (सी०पी०)	२०।५९	०।४७।२०
अलमोडा	२९।३७	०।३३।१०
अलवर	२७।३४	१। ३।२०
अल्पी (ट्रावंकोर)	९।३०	१। ६।१०
अलीगढ़ (यू०पी०)	२७।५४	०।४९।०
अलीबाग (बम्बई)	१८।३९	१।४०।५०
अलीराजपुर	२२।११	१।२६।०
अस्तूर (काश्मीर)	३५।२०	१।२१ ४०
अहमदनगर (बम्बई)	२२।३८	१।४०।०
,, ,,	१९।५	१।२०।२०
अहमदपुर (पञ्जाब)	२९।६	१।५७।२०
अहमदाबाद (बम्बई)	२३।२	१।४३।२०
आगरा (यू० पी०)	२७।१०	०।४७।३०
आबू (राजपुताना)	२४।३६	१।४२।३०
आरकोट (मद्रास)	१२।५५	०।३६।०
आरनी ,,	१२।४०	०।३६।५०
आसकोल (काश्मीर)	३५।५०	१।११।३०
आरकोनम् (मद्रास)	१३।५	०।३२।५०
इटावा (यू० पी०)	२६।४७	०।४०।३०
इन्दौर	२२।४४	१।१०।०
इम्फाल (मनीपुर)	२४।४४	१।४९।२०
इलोरा (हैदराबाद)	२०।२	२।१७।५०
उज्जैन (ग्वालियर)	२३।९	१। ९।०
उन्नाव (यू० पी०)	२६।२०	०।२७।०
उटकमण्ड (मद्रास)	११।२४	१।१३।२०
उदयपुर (राजपुताना)	२४।३५	१।३२।२०
उमरकोट (बम्बई)	२५।२२	२।१२।१०
उसका (यू० पी०)	२७।१४	०। २।१०
एटा ,,	२७।३५	०।४२।२०
औरङ्गाबाद	१९।५३	१।१७।५०
कच्छ (स्टेट)	२३।३०	२।२८।०
कटनी (सी० पी०)	२३।४०	०।२५।३०
कपूरथला (पञ्जाब)	३१।२३	१।१६।०
करौली (राजपुताना)	२६।३०	०।५९।२०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
कराची (बम्बई)	२४।५१	२।३८।४०
करीमनगर (हैदराबाद)	१८।२८	०।३९।०
कन्नौज (यू० पी०)	२७।३	०।२०।२०
कर्नाटक	१३।०	०।४०।०
कर्नौल (पञ्जाब)	२९।४२	१।१०।४०
कंकर (सी०पी)	२०।१५	१।१४।४०
कसौली (पञ्जाब)	३०।५३	१।५५।५०
काँकरौली	२५।०	१।३०।०
काञ्जीवरम् (मद्रास)	१२।५०	०।३२।३०
काठगोदाम (यू०पी)	२९।१६	०।३६।०
काठियाबाड़ (बम्बई)	२०।०	२। ०।०
कानपुर (यू० पी०)	२४।२८	०।२७।३०
कालाबाग (पञ्जाब)	३२।४८	१।५४।०
कालीकोट (मद्रास)	११।१५	१।११।५०
काल्पी	२६।८	०।३२।०
किशनगढ़ (राजपुताना)	२६।३४	१। ८।०
कुण्डापुर (मद्रास)	२३।३८	१।२२।४०
कुनूर ,,	११।२०	१। १।४०
कुमाऊँ (यू० पी०)	२९।५५	०।३७।०
कुम्भकोणम्	१०।५८	०।३७।०
कुरुक्षेत्र	३०।०	१। ९।०
कोकनद (मद्रास)	१६।५७	०। ७।३०
कोचीनराज्य ,,	९।५८	१। ८।१०
कोटाराज्य (राजपुताना)	२५।१०	१।११।५०
कोलम्बो (लङ्का)	६।५६	०।३०।३०
कोलाचल (ट्रावंकोर)	८।१०	०।५८।२०
कोल्हापुरराज्य (बम्बई)	१६।४२	१।२८।०
खीरी (यू० पी०)	२७।५४	०।२२।०
खुरजा (यू० पी०)	२८।१५	०।५१।४०
खान्देश (बम्बई)	२०।४५	१।२०।०
खैरगढ़ (सी० पी०)	२१।२६	०।१९।४०
गढ़वाल (यू० पी०)	३०।१५	०।४३।४०
गाजियाबाद	२८।४०	०।५५।२०
गुरगांव (पञ्जाब)	२८।३७	०।५९।२०
गुरदासपुर ,,	३२।३	१।१५।३०
गुजराबाला ,,	३२।१०	१।२७।४०
गुजरात जि०(बम्बई)	२३।०	१।४५।०
गुजरात (पञ्जाब)	३२।३६	१।२९।१०
गोलकुण्डा (हैदराबाद)	१७।२३	०। ५।२०
गोलगोंडा (मद्रास)	१७।४१	०। ४।५०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
गोंडा (यू० पी०)	२७।२८	०।१०।०
ग्वालियर	२६।१४	०।४९।२०
चतुरपुर (मद्रास)	१९।२१	०।३४।३०
चँदौसी	२८।२८	०।४२।०
चन्दा (सी० पी०)	१९।५७	०।३६।३०
चम्बाराज्य (पञ्जाब)	३२।२९	१। ६।०
चिटार (राजपुताना)	२४।५४	१।२३।०
चित्तौड़ (मद्रास)	१३।१३	१।२५।२०
चित्रकूट	२५।१२	०।२१।०
चिनाव	३१।०	२। ५।०
चैनपुर	२७।२८	
छत्तीसगढ़स्टेट(सी.पी.)	२१।३०	०।१०।०
छत्तरपुरस्टेट(सो.आई.)	२५।५८	०।३३।४०
छिन्दवारा(सी०पी०)	२२।३	०।४०।१०
जगदलपुर(सी०पी०)	१९।५	०। ९।१६
जनकपुर ,,	२३।४३	०।१२।०
जफराबाद (बम्बई)	२०।५२	१। ८।४०
जबरा (सी०आई०)	२३।२५	१।२८।३०
जबलपुर (सी०पी०)	२३।१०	०।३०।२८
जम्बूराज्य(काश्मीर)	३२।४४	१।२१।
जयपुर (झाडी)	१८।५७	०। ३।४०
जयपुरराज्य(राजपु०)	२६।५५	१।१३।४०
जलालपुर	३२।४०	१।३७।५०
जलन्धर (पञ्जाब)	३१।१९	१।२०।०
जहाजपुर (राजपु०)	२५।३८	१।१६।५०
जामनगर	२२।२७	२।१०।०
जालौन (यू० पी०)	२६।८	०।४९।०
जींदराज्य (पञ्जाब)	२९।१९	१। ६।०
जूनागढ़राज्य(बम्बई)	२१।३१	२। ४।०
जैसलमेरराज्य(राजपु०)	२६।५५	१।५९।०
जोधपुरराज्य (राजपु०)	२६।१८	१।३९।२०
जौनपुर (यू० पी०)	२५।४६	०। ३।०
जौहरस्टेट (बम्बई)	१९।५२	१।३६।५०
झालरापाटन (राजपु०)	२४।३२	१। ८।०
झांसी (यू० पी०)	२५।२७	०।४५।२०
झुनझुन (राजपुताना)	२८।९	१।१६।०
टोंकराज्य (राजपु०)	२६।११	१।१२।३०
ट्रावङ्कोरराज्य(मद्रास)	९।०	१। ०।०
डेराइस्माइलखां(पञ्जाब)	३१।५१	२।१।२०
डूंगरपुरस्टेट(राजपु०)	२३।५०	१।३१।४०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
डिडवना (राजपु०)	२७।१७	१।२५।५०
डूगरगढ़ (सी०पी०)	२१।१२	०।२८।२०
तञ्जोर (मद्रास)	१०।४७	०।३१।०
तारागढ़ (अजमेर)	२६।०	१।२६।४०
त्रिचनापल्ली(मद्रास)	१०।५०	०।४३।१०
त्रिवेन्द्रम् (ट्रावङ्कोर)	८।२९	१। १।१०
द्वारका (बरौदा)	२२।१४	२। २।०
दिलावर	३९।४५	१।५४।२०
देवासस्टेट(सी.आई.)	२२।५८	१। ९।०
देवली (अजमेर)	२५।४६	१।१५।५०
देहरादून (यू०पी०)	३०।१९	०।४९।१०
देहली	२८।३८	०।५७।३०
दौलताबाद(हैदरा०)	१९।५७	१।१७।३०
धारनपुरस्टेट(बम्बई)	२०।३२	१।३७।५०
धरमशाला (पञ्जाब)	३२।१९	१। ६।१०
धवलपुरस्टेट(राजपु०)	२६।४२	०।५१।३०
नरसिंहगढ़ राज्य	२३।४४	०।५८।४०
नरसिंहपुर(सी०पी०)	२२।५७	०।३७।३०
नवानगरराज्य(बंबई)	२२।२७	२। ८।५०
नागपुर (सी०पी०)	२१।९	०।३९।१०
नागपुर	२०।०	०।२०।२०
नागौर	२७।१५	१।३३।४०
नाथद्वार	२४।५२	१।३०।०
नाभाराज्य (पञ्जाब)	३०।२५	१। ८।०
नारनौल (पटियाला)	२८।२	१। ८।४०
नासिक (बम्बई)	२०।२	१।३२।०
निजामाबाद(हैदरा०)	१८।४०	०।४८।२०
नीमच	२४:२७	१।२१।२०
नैनीताल (यू०पी०)	२९।२३	०।३५।०
नैपालगंज (यू०पी०)	२७।५९	०।३४।०
पटियालाराज्य(पञ्जाब)	३०।२०	१। ५।०
पण्ढरपुर (बम्बई)	१७।४१	१।१६।१०
प्रतापगढ़राज्य(राजपु०)	२४।२	१।१२।२०
प्रतापगढ़जि०(यू०पी०)	२५।२७	०।१३।०
प्रयाग ,,	२५।२८	०।११।४०
पठानकोट (पञ्जाब)	२८।१८	१। २।०
पांडीचेरी (मद्रास)	११।५६	०।३२।१०
पन्नास्टेट(सी०आई०)	२४।४४	०।२७।४०
पानीपत (पञ्जाब)	२९।२३	१।१९।३०
पालनपुर	२४।१२	१।४२।५०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
पीलीभीत(यू०पी०)	२८।४०	०।३२।०
पूना (बम्बई)	१९।०	१।३०।२०
पोरबन्दर (बम्बई)	२१।३७	२।१३।३०
पेशावर	३४।२	१।५५।०
पुष्कर	२६।२८	१।२५।०
फतेगढ़ (यू०पी०)	२७।२३	०।३३।२०
फतेपुर ,,	२५।५५	०।२२।५०
फतेपुर सिकरी	२७।६	०।५३।०
फतेपुर(राजपुताना)	२८।०	१।१९।४०
फरीदकोट (पञ्जाब)	३०।४०	१।२२।३०
फरुखाबाद(यू०पी०)	२७।२४	१। ०।२०
फिरोजपुर (पञ्जाब)	२७।४७	०।३०।१०
फिरोजपुर ,,	३०।५५	१।२४।०
फिरोजाबाद	१७।१५	१।० ।२०
दङ्कोट (बम्बई)	१७।५७	१।३९।१०
बघेलखण्ड(सी०आई०)	२४।१०	१।१७।०
बङ्गलोर (मैसूर)	१२।१८	०।४३।३०
बण्टवाल (मद्रास)	१२।५३	१।१९।१०
बदायूं	२८।१०	०।४०।०
बम्बई	१८।५५	१।४१।४०
बरवानी(सी०आई०)	२२।३	१।२०।३०
बरसी (बम्बई)	१८।१३	१।१२।४०
बरार (सी०पी०)	२१।०	१। ०।०
बरडी (सी०आई०)	२४।३०	०। ५।४०
बरोच (बम्बई)	२१।४५	१।४०।०
बरौदा ,,	२२।०	१।३५।०
बरेली (यू० पी०)	२८।२२	०।३५।०
बलतिस्तान(काश्मीर)	२५।३०	१।१०।०
बलरामपुर	२७।२७	०। ८।०
बलोत्तरा(राजपुताना)	२५।४९	१।४६।३०
बसाहर (पञ्जाब)	३१।३०	०।४५।०
बसीम (बरार)	२०।५	०।५८।२०
बसेन (बम्बई)	१९।२२	१।४०।४०
बस्तर (सी० पी०)	१८।३०	०।२०।०
बस्ती (यू० पी०)	२६।४८	०। ३।०
बहराइच ,,	२७।३४	०। १५।०
बहावलपुर (पञ्जाब)	२९।२४	१।५२।०
बादनूर (सी०पी०)	२१।५४	०।५०।३०
बादुला (लङ्का)	४।५९	०।१९।१०
बांदा (यू० पी०)	२५।२८	०।२७।०
बाराबङ्की ,,	२६।५६	०।१८।०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
बारीदोआब (पञ्जाब)	३०।३२	१।४०।०
बारां (राजपुताना)	२५।५	१। ४।३०
बालाघाट(सी०पी०)	२१।५५	०।२७।३०
बालुचिस्तान	२८।०	२। ०।०
बिजनौर	२९।४०	०।४३।०
बीकमपुर (राजपु०)	२७।४५	१।४८।२०
बीकानेर (राजपु०)	२८।१	१।३५।०
बीजापुर (बम्बई)	१९।५०	१।१२।२०
बुरहानपुर(सी०पी०)	२१।१७	०।४८।७
बुलन्दशहर	२८।२४	०।५९।१०
बून्दी (राजपुताना)	२५।२७	१। ३।१०
बेलरी (मद्रास)	१५।९	०।५१।१०
बेला (यू० पी०)	२५।५६	०। ९।४०
ब्यावर (अजमेर)	२६।६	१।२६।३०
बन्सवारा (राजपु०)	२३।३०	१।२६।०
भटिन्दा (पञ्जाब)	३०।११	१।२०।०
भण्डारा (सी० पी०)	२१।९	०।३३।०
भदौरास्टेट(सीआई०)	२४।४८	०।५३।४०
भरतपुर (राजपुताना)	२७।१५	०।५५।०
भावनगर (बम्बई)	२१।४६	१।४८।०
भिलसा (ग्वालियर)	२३।३२	०।५१।३०
भिवानी (पञ्जाब)	२८।४६	१। ६।२०
भीर (हैदराबाद)	१९।०	१।११।४०
भुसाबल (बम्बई)	२१।२	१।२२।१०
भूपालस्टेट	२३।१६	०।५५।०
भेरा (पञ्जाब)	३२।२९	१।४०।३०
भोरस्टेट (बम्बई)	१८।९	१।३१।०
मङ्गलोर (मद्रास)	१२।५२	१।२०।०
मण्डीराज्य (पञ्जाब)	३१।४३	०।५९।०
मथुरा	२७।३२	०।५०।०
मदुरा (मद्रास)	९।५८	०।५०।०
मद्रास	१३।४	०।२८।०
मलकापुर (बरार)	२०।५३	१। ७।१०
महावलीपुर(मद्रास)	१२।३७	०।२२।२०
महेबा (यू० पी०)	२०।१८	०।३९।१०
मानिकपुर(यू० पी०)	२४।४	०।११।५०
मालवा (सी०आई०)	२३।४०	०।५५।२०
मांडा (सी० पी०)	२२।४३	०।२०।५०
मिर्जापुर (यू० पी०)	२५।४	०। ४।१०
मुजफरगढ़ (पञ्जाब)	२०।५	१।५७।२०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
मुजफरनगर(यू०पी०)	२९।२८	४।५२।४०
मुरादाबाद ,,	२०।५०	०।४२।०
मुलतान (पञ्जाब)	३०।१२	१।५५।०
मेरठ	२९।०	०।५३।०
मैनपुरी (यू० पी०)	२७।१४	०।३९।०
मोरवीराज्य (बम्बई)	३२।४९	२।१०।०
रतनगढ़ (बीकानेर)	२८।५	१।२३।३०
रतलामराज्य (c. i.)	२३।३१	१।२०।०
रत्नागिरि (बम्बई)	१७।८	१।३७।०
राजकोट ,,	२२।१८	२।२।३०
रामनगर(नैनीताल)	२९।१४	०।३८।२०
रानीखेत	२९।४०	०।३४।३०
राजगढ़स्टेट (c. i.)	२४।०	१।२।१०
रामकोला(सी०पी०)	२३।४०	०।१।२०
रामपुर (यू० पी०)	२८।४८	०।४१।०
रामेश्वर	९।४८	०।३७।३०
रायगढ (सी० पी०)	२१।७४	०।४।२०
रायपुर (सी० पी०)	२१।१५	०।१३।०
रायबरेली(यू० पी०)	२६।१४	०।१९।२०
रावलपिण्डी(पञ्जाब)	३३।३७	१।४०।०
रींवाराज्य (c. i.)	२४।३१	०।१७।३
रुरकी (यू० पी०)	२९।५२	०।५१।०
रुहेलखण्ड ,,	२८।३२	०।४०।०
रोहतक (पञ्जाब)	२८।५४	१।५।२०
लखनऊ (यू० पी०)	२६।५५	०।२०।०
ललितपुर ,,	२४।२२	०।४५।२०
लश्कर (ग्वालियर)	२६।१०	०।४८।२०
लाहौर (पञ्जाब)	३१।२७	१।२६।०
लोधियाना ,,	३०।५५	१।९।३०
बखसर(राजपुताना)	२४।४३	१।५८।३०
वङ्गनापाली(मद्रास)	१५।१९	०।४७।१०
वजीराबाद (पञ्जाब)	३२।२७	१।३०।२०
वद्रीनाथ (यू० पी०)	३०।४४	
बन्दरवाला (लङ्का)	६।५२	०।२०।२०
वर्धा (सी०पी०)	२०।४५	०।४३।३०
विजयानगर(मद्रास)	१५।२०	१।५।०
विजियानगरम्(मद्रास)	१८।७	०।४।३०
विमलीपट्टम्(मद्रास)	१७।५३	०। ५।०
विलासपुर(सी०पी०)	२२।५	०। ८।०
,, (शिमला)	३१।१०	१। ३।२०
शाहजहांपुर(यू०पी०)	२७।५४	०।३०।४०

देशनाम	अक्षांश	देशान्तरघ०
शाहाबाद(यू०पी०)	२७।३०	०।२९।१०
शिकारपुर	२७।५७	२।२५।०
शिमला सपादु(पञ्जाब)	३१।६	०।५८।१०
श्रीनगर (यू०पी०)	३०।१५	०।४२।०
श्रीनगर (काश्मीर)	३४।६	१।२०।४०
श्रीरङ्गम् (मद्रास)	१०।५२	०।४२।४०
श्रीरङ्गपट्टम् (मैसूर)	१२।२६	१। ३।०
सरदारशहर(बीकानेर)	२८।२७	१।३२।०
सवाईमाधोपुर(जैपुर)	२५।५८	१। ५।०
सहारनपुर(यू०पी०)	२९।५८	१।५४।०
सागर (सी० पी०)	२३।५०	१। ०।०
सारनगढ़(सी०पी०)	२१।३६	०। १।१०
सिताराम	१७।५२	१।३०।०
सिकन्दराबाद(हैदरा०)	१७।२७	०।४५।२०
सियालकोट(पञ्जाब)	३२।३१	१।२४।०
सिरोंज(राजपुताना)	२४।६	०।५३।०
सिलोन	८।०	०।२०।०
सिरोहिराज्य(राज०)	२५।५३	१।४१।०
सिहोरा	२३।३२	१। ०।०
सीतापुर (यू० पी०)	२७।३२	०।२४।१०
सुल्ताँपुर (यू०पी०)	२६।१६	०।१४।०
सूरतगढ़ (बीकानेर)	२९।१९	१। ३।३०
सूरत (बम्बई)	२१।१२	१।४१।०
सैलाना (c. i.)	२३।३१	१।२०।०
सोलापुर (बम्बई)	१७।४०	१।११।०
सोहागपुर(सी०पी०)	२२।४२	०।४७।१०
हमीरपुर (यू० पी०)	२५।५८	०।२८।०
हरदी (सी० पी०)	२२।३१	०।५८।०
हरदोई (यू० पी०)	२७।२३	०।२८।०
हरिहर (मैसूर)	१४।३१	१।११।२०
हरिद्वार (यू० पी०)	२९।५८	०।४८।०
हाटा (बम्बई)	२५।४९	२।२१।४०
हातरस (यू० पी०)	२७।३६	०।४८।०
हिन्दूपुर (मद्रास)	१३।४९	०।३४।४०
हिंगोली (हैदराबाद)	१९।४३	०।५८।१०
हिसार (पञ्जाब)	२९।१०	१।१२।२०
हुबली (बम्बई)	१५।२०	१।४८।९
हैदराबाद दक्षिण	१७।२०	०।४९।३०
हैदराबाद सिन्ध	२५।२५	२।२२।३०
होसंगाबाद(सी०पी०)	२२।४६	०।५२।३०
होसियारपुर(पञ्जाब)	३१।३२	१।१०।३०

अक्षांशपर से सारणी द्वारा पलभाज्ञान की विधि—

पलांशतश्चेदधिकं कलाद्यं व्यतीतभोग्याक्षपमान्तरघ्नम् ।
षष्ट्या हृतं तत्फलयुग्गता याऽक्षभा भवेत्साऽभिमता सुखार्थम् ॥११॥

गत अंश और ऐष्य अंश सम्बन्धि पलभाओं के अन्तर को शेष कला से गुणा कर के ६० का भाग देने पर जो लब्धि आवे उसको गत अक्षांश सम्बन्धी पलभा में यथास्थान जोड़ देने से अभीष्ट पलभा हो जाती है ॥११॥

उदाहरण—

अयोध्या के अक्षांश २६°।४८′ पर से पलभाज्ञान करना है तो आगे दी हुई पलभा सारिणी में २६ अक्षांश का फल ५।५१।७ एवं २७ अक्षांश सम्बन्धी फल ६।६।५० इन दोनों फलों के अन्तर (६।६।५०)—(५।५१।७)=०।१५।४३ को ४८′ से गुणा कर के गुणनफल = ४८ (०।१५।४३)=७५४।२४ में ६० का भाग दिया तो लब्धि = $\frac{७५४।२४}{६०}$ = १२।२४ आई। इसको गतांश सम्बन्धी पलभा ५।५१।७ में जोड़ दिया तो स्वल्पान्तर से (६।३।३१) = ६।४ अयोध्या की अङ्गुलात्मिका पलभा हुई ! इसी को अक्षभा या विषुवती भी कहते हैं।

पलभासारिणी—

अंश	पलभा	अंश	पलभा	अंश	पलभा	अंश	पलभा
१	०।१२।३४	१५	३।१२।५४	२९	६।३९। ४	४३	११।११।२४
२	०।२५। ९	१६	३।२६।२४	३०	६।५५।४१	४४	११।३५।२४
३	०।३७।४४	१७	३।४०। ५	३१	७।१२।३६	४५	१२। ०। ०
४	०।५०।२१	१८	३।५३। ६	३२	७।२९।५३	४६	१२।२५।३७
५	१। ३। ०	१९	४। ७।५५	३३	७।४७।३१	४७	१२।५२। ४
६	१।१५।१४	२०	४।२२। १	३४	८। ५।३८	४८	१३।१९।३४
७	१।२८।२३	२१	४।३६।२२	३५	८।२४। ७	४९	१३।४८।१८
८	१।४१।१०	२२	४।५०।५३	३६	८।४३। ५	५०	१४।१८। ३
९	१।५४। ०	२३	५। ५।३८	३७	९। २।२५	५१	१४।४९। ८
१०	२। ६।५४	२४	५।२०।३१	३८	९।२२।३०	५२	१५।२१।३२
११	२।१९।५५	२५	५।३२।४२	३९	९।४३। १	५३	१५।५५।३०
१२	२।३३। ०	२६	५।५१। ७	४०	१०।३।३६	५४	१६।३१। १
१३	२।४६।४१	२७	६। ६।५०	४१	१०।२८।४८	५५	१७। ८।२४
१४	२।५९।२८	२८	६।२२।४८	४२	१०।४८।१८		

लङ्कोदय पर से स्वोदयज्ञान (करणकुतूहले)—

लङ्कोदया नागतुरङ्गदस्रा गोऽङ्काग्निनो रामरदा विनाड्यः ।
क्रमोत्क्रमस्थाश्चरखण्डकैः स्वैः क्रमोत्क्रमस्थैश्च विहीनयुक्ताः ॥
मेषादिषण्णामुदयाः स्वदेशे तुलादितोऽमी च षडुत्क्रमस्थाः ॥ १२ ॥

२७८ पल मेष का, २९९ पल वृष का, ३२३ पल मिथुन का क्रमसे

लङ्कोदयमान होता है। एवं उत्क्रमसे ३२३ पल कर्क का, २९९ पल सिंह का, २७८ पल कन्या का लङ्कोदय मान होता है। यही उत्क्रम से तुलादि ६ राशियों का मान भी होता है। इन मेषादि के लंकोदय मानों को क्रम तथा उत्क्रम से रखके उनके सामने मेषादि के चरखण्डों को उसी रीति (क्रम तथा उत्क्रम) से रख के पहले ३ स्थानों में घटा देने से फिर ३ स्थानों में जोड़ देने से मेषादि ६ राशियों का स्वोदय मान हो जाता है। उन्हीं को उलटे तुलादि ६ राशियों का मान समझना चाहिये।

आजमगढ़ का उदयमान—

लङ्कोदय चर

२७८—५८ = २२० मेष, मीन
२९९—४७ = २५२ वृष, कुंभ
३२३—१९ = ३०४ मिथुन, मकर
३२३ + १९ = ३४२ कर्क, धनु
२९९ + ४७ = ३४६ सिंह, वृश्चिक
२७८ + ५८ = ३३६ कन्या, तुला

अत एव मदीयं पद्यम्—

शून्याश्विदस्रा यमबाणदस्रा वेदाभ्ररामा यमवेदरामाः।
तर्काब्धिरामा रसरामरामा मेषादितस्तौलित उत्क्रमात्स्युः ॥ १२ ॥

अयनांश बनाने की रीति—

भूनेत्रवेदो ४२१ नशकः स्वदशांशविहीनितः।
षष्ट्या भक्तोऽयनांशाः स्युर्वर्षारम्भे स्फुटाः खलु ॥ १३ ॥
त्रिघ्नार्कराशिना स्वार्धयुक्तेन विकलादिना।
युक्तास्तात्कालिकास्ते स्युः स्पष्टा गणितविद्वर ॥ १४ ॥

वर्तमान शकाब्द में ४२१ घटा के जो शेष बचे उस (शेष) का दशवां भाग उसी में घटा कर ६० का भाग देने से लब्धि वर्षारम्भकालीन (मेष-संक्रान्ति के दिन का) स्पष्ट अयनांश होता है।

यदि सूर्य की राशियां भी बीत गयी हों तो राशि संख्या को ३ से गुणा कर के उस में उसी का आधा जोड़ने से जो विकला हो उसको वर्षारम्भ-कालीन स्पष्टायनांश की विकला में जोड़ देने से तात्कालिक स्पष्टायनांश हो जाता है॥ १३-१४॥

उदाहरण—

वर्तमान शकाब्द १८५५ में ४२१ घटाया तो १४३४ शेष बचा। इस १४३४

---

* सौरात्मक शकाब्द मेषसंक्रान्ति से प्रारम्भ होगा। अतः गत शकाब्द से ही अयनांश का उदाहरण दिया गया है। इसी भाँति सर्वत्र चन्द्रवत्सरारम्भ हो जाने पर सौरवत्सरारम्भ से पूर्व का इष्टकाल हो तो करना चाहिये।

में इसी १४३४ का दशमांश = $\frac{१४३४}{१०}$ = १४३।२४ घटा के ६० का भाग दिया तो लब्धि = $\frac{१४३४-(\frac{१४३}{६०}\times२४)}{६०}$ = $\frac{१२९०।३६}{६०}$ = २१°।३०'।३६'' शकारम्भकाल का स्पष्ट अयनांश हुआ।

अब स्पष्ट सूर्य ११।२०°।५०'।०'' की राशि संख्या ११ को ३ से गुणा कर दिया तो ३ × ११=३३ हुआ। इस ३३ में इसी का आधा $\frac{३३}{२}$=१७ जोड़ दिया तो ५० विकला हुई। इस ५० विकला को वर्षारम्भकालीन स्पष्टायनांश २१°।३०'।३६'' में यथा स्थान जोड़ दिया तो तात्कालिकस्पष्टायनांश २१°।३१'।२६'' हुआ।

अयनांश बनाने की दूसरी रीति—

भूनेत्रवेदोनशकस्त्रिघ्नः खाभ्राश्विभिर्हृतः।
वर्षारम्भेऽयनांशाः स्युः स्फुटा गणितकोविदः॥
भागीकृतो भगो भक्तः खाभ्रवेदैः फलं भवेत्।
कलाद्यं तेन संयुक्ताः स्फुटास्तात्कालिकाः स्मृताः॥

शक संख्या १८५५ में ४२१ घटाया तो १४३४ शेष हुआ। इस १४३४ को ३ से गुणा करके २०० से भाग दिया तो लब्धि = $\frac{१४३४\times३}{२००}$ = २१।°३०'।३६'' शकारम्भकाल का स्पष्टायनांश हुआ। अब स्पष्ट सूर्य ११।२०।५० का अंश ३५१ बनाके ४०० का भाग दे दिया तो लब्धि = $\frac{३५१}{४००}$ = ०'।५३'' कलादि हुई। इस ०'।५३'' को वर्षारम्भकालिकस्पष्टायनांश में यथा स्थान जोड़ दिया तो २१।°३०'।३६'' + ०'।५३'' = २१°।३१'।२९'' तात्कालिकस्पष्टायनांश* हुआ।

लग्न स्पष्ट करने की रीति—

तात्कालिकः सायनभागसूर्यः कार्यस्तथा तद्गतभोग्यभागाः।
स्वीयोदयघ्ना विहताः खरामैर्लब्धं विशोध्यं घटिकापलेभ्यः॥१५॥
यातैष्यकान् राश्युदयान् ततश्च शेषं वियद्राम ३०गुणं विभक्तम्।
अशुद्धराशेरुदयेन, लब्धमशुद्धशुद्धाऽजमुखेषु भेषु॥
हीनं युतं तद्धि भवेद्विलग्नं स्पष्टं स्वदेशेऽयनभागहीनम्॥१६॥

जिस समय लग्न स्पष्ट करना हो उस समय के स्पष्ट सूर्य में तात्कालिक स्पष्टायनांश जोड़ देने से तात्कालिक सायनार्क होता है। उस तात्कालिक सायनार्क के भुक्त या भोग्य अंशादि को स्वदेशीय उदयमान से गुणा करके ३० से भाग देने पर लब्ध पलादि भुक्त या भोग्य काल होता है। (अर्थात् भुक्तांश को स्वोदयमान से गुणा करके ३० से भाग देने पर भुक्तकाल और भोग्यांश को स्वोदय से गुणा करके ३० से भाग देने पर भोग्यकाल होता है। इस भुक्त या भोग्य काल को इष्ट घटी पल में घटा के जो शेष बचे उस में भुक्त या भोग्य राशियों के उदयमानों को (जहाँ तक घट सके)

* पहले अयनांश से यह भिन्न इसलिये है कि इसमें अंश सम्बन्धी फल भी ले लिया गया है।

घटाना (अर्थात् यदि भुक्तांश पर से लग्न स्पष्ट करना हो तो सावनेष्ट काल को ६० में घटा के जो शेष घटी पल हो उस में भुक्त काल घटा के शेष में गत राश्युदय मानों को घटाना। यदि भोग्यांश पर से लग्न साधन करना हो तो सावनेष्ट घटी पल में ही भोग्यकाल घटा के शेष में ऐष्य राश्युदय मानों को घटाना) चाहिये। अब शेष को ३० से गुणा करके अशुद्धोदय-मान से भाग देने पर जो लब्धि अंशादिक आवे उसको क्रम से अशुद्धराशि में घटाने और शुद्ध राशि में जोड़ने से (अर्थात् भुक्त क्रिया में अशुद्ध-राशिसंख्या में घटाने और भोग्य क्रिया में शुद्धराशिसंख्या में जोड़ने से) सायन स्पष्ट लग्न होता है। इसमें अयनांश घटा देने से अपने २ देश का स्पष्ट लग्न हो जाता है ॥ १५-१६ ॥

उदाहरण—

तात्कालिक स्पष्टसूर्य = ११।२०°।५८′।०″

,, अयनांश = २१°।३१′।२९″

,, सायनार्क = ०।१२°।२९′।२९″

